हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, शुक्रवार 6 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 23.0 डिग्री
न्यूनतम 7.6 डिग्री

11 अम्बेडकर बस्ती में नशे पर प्रहार, युवाओं ने...



12 ढाणियों के रास्तों में जलभराव एसई को...



## खबर संक्षेप

### युवती का मोबाइल फोन छीनने का आरोपी दबोचा

**हांसी।** थाना शहर पुलिस ने फोन छीनने की वारदात में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान चार कुतुब गेट निवासी अर्जुन के रूप में हुई है। जांच अधिकारी एएसआई रवि कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपी ने 18 सितम्बर को इंद्रा कॉलोनी के समीप फोन पर बात करते हुए जा रही मुलतान कॉलोनी निवासी एक महिला के हाथ पर झपटा मारकर उसका मोबाइल फोन छीन लिया था। पुलिस ने शिकायतकर्ता महिला की शिकायत पर थाना शहर हांसी में संबंधित धाराओं के तहत कर दर्ज कर जांच की गई। तो दौराने तफ्तीश आरोपी अर्जुन को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर पूछताछ कर घटना स्थल की निशानदेही करवाई गई तथा उसके कब्जे से 1000 रुपये बरामद किए गए।

### दिव्यांग केंद्र में फ्री नेत्र ऑपरेशन शिविर 6 को

**हिसार।** दिव्यांग पुनर्वास एवं स्वास्थ्य केंद्र में 6 फरवरी को सेवार्थ भाव से निशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर लगाया जाएगा। बिजली निगम के सहयोग से आयोजित होने वाले छठे चरण के इस शिविर में दिव्यांग केंद्र के अनुभवी व प्रशिक्षित चिकित्सक आंखों के सफेद मोतियाबिंद से पीड़ित बुजुर्गों का ऑपरेशन निशुल्क करेंगे। इसके साथ ही यथासंभव दवाइयां भी निशुल्क प्रदान की जाएंगी। उल्लेखनीय है कि डीएचबीवीएन द्वारा पांच चरणों में शिविर आयोजित करके जरूरतमंद लोगों को नेत्र ज्योति प्रदान की जा चुकी है। दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अध्यक्ष डॉ. रोशनलाल गोयल ने बताया कि शिविर के लिए किसी भी कार्यदिवस में कोई भी जरूरतमंद बुजुर्ग निशुल्क पंजीकरण करवा सकता है।

## बास टोल प्लाजा पर प्रदर्शन के दौरान तनावपूर्ण हुए हालात, पुलिस बुलानी पड़ी

# 16 गांवों के लिए बास टोल फ्री कमर्शियल वाहनों पर ही टैक्स

**आसपास के गांवों का भी टैक्स कटने पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा, धरने पर बैठे**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौंद

क्षेत्र में टोल टैक्स की मार से परेशान ग्रामीणों का गुस्सा गुरुवार को सड़कों पर फूट पड़ा। बास गांव स्थित टोल प्लाजा पर आसपास के 16 गांवों के सैकड़ों ग्रामीण एकजुट होकर पहुंचे और जोरदार प्रदर्शन करते हुए टोल को फ्री करवा दिया। प्रदर्शन के दौरान हालात तनावपूर्ण हो गए, जिस पर पुलिस को मौके पर पहुंचना पड़ा। हालांकि ग्रामीण अपनी मांगों पर अडिग रहे और टोल पर धरना देकर बैठ गए। ग्रामीणों का कहना था कि इस टोल पर पहले आसपास के गांवों के वाहनों से कोई शुल्क नहीं लिया जाता था, लेकिन 1 जनवरी से नई टोल कंपनी आने के बाद स्थानीय लोगों से भी टोल टैक्स वसूला जाने लगा। इससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी थी। 22 जनवरी को भी इसी मांग को लेकर टोल फ्री करवाया गया था, लेकिन स्थायी समाधान नहीं हो पाया। गुरुवार को हुए धरने की अध्यक्षता सतरोल खाप के प्रधान संदीप खरब ने की। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए डीएसपी देवेंद्र सिंह नैन भी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों व टोल कंपनी के प्रतिनिधियों से बातचीत की। गांव बास के सरपंच प्रतिनिधि विनोद ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जब तक 16 गांवों के लिए टोल पूरी तरह फ्री नहीं किया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। टोल कंपनी के मालिक आनंद हुड्डा स्वयं ग्रामीणों के बीच पहुंचे और पंचायत के फैसले को मानते हुए 16 गांवों के लोगों के लिए टोल फ्री रखने की घोषणा की। इसके बाद ग्रामीणों ने धरना समाप्त कर दिया। इस मौके पर मार्केट कमेटी चेयरमैन शमशेर मोर, जिला पार्षद संजय खरब, सुनील उर्फ लीला, सतीश पुट्टी, विकास सीसर, धर्मपाल बडाला, रोशन शर्मा, जितेंद्र सरपंच, प्रदीप सरपंच सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।



नारनौंद। टोल पर ग्रामीण पंचायत में अपने सुझाव रखते हुए।

### बातचीत से सुलझा मामला: डीएसपी

डीएसपी देवेंद्र सिंह नैन ने बताया कि टोल कटने को लेकर ग्रामीणों में रोष था। एक जनवरी से विकास एंड कंपनी ने टोल का ठेका लिया था। ग्रामीणों और टोल कंपनी के मालिक से बातचीत कर आपसी सहमति से मामला सुलझा लिया गया है। टोल को पुनः सुचारू रूप से खुलवा दिया गया है और क्षेत्र में पूरी तरह शांति का माहौल है।

### जानिए...पंचायत में किन फैसलों पर लगी मोहर

गांव बास, धर्मखेड़ी, खांडाखेड़ी, जामनी खेड़ा, उगालन, खेड़ा रांगरान, भकलाना, मोहला, बढ़छप्पर, पुट्टी, बडाला, सीसर, खरबला, सिंघवा, मदनहेड़ी और रोशन खेड़ा के ग्रामीणों के लिए टोल फ्री रहेगा। हालांकि इन गांवों के कमर्शियल और नेशनल परमिट वाले वाहनों से टोल शुल्क लिया जाएगा। भविष्य में किसी प्रकार का विवाद न हो, इसके लिए प्रत्येक गांव से दो-दो प्रतिनिधि लेकर एक समिति का गठन किया गया है।

### पंचायत की मांग हुई पूरी: आनंद हुड्डा

टोल कंपनी मालिक आनंद हुड्डा ने बताया कि पंचायत की मांग के अनुसार 16 गांवों के लोगों के लिए टोल फ्री सुविधा दोबारा लागू कर दी गई है। हालांकि टोल से गुजरते समय ग्रामीणों को अपनी मूल पहचान पत्र दिखाना अनिवार्य होगा, जबकि कमर्शियल वाहनों से नियमानुसार शुल्क लिया जाएगा।

## अब तहसीलदार और नायब तहसीलदारों ने की हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

द हरियाणा रेवेन्यू ऑफिसर एसोसिएशन के आह्वान पर गुरुवार को जिलेभर में तहसीलदार और नायब तहसीलदारों पेन-डाउन हड़ताल पर रहे। तहसील तथा सब तहसील परिसरों में तहसीलदार व नायब तहसीलदार ड्यूटी पर मौजूद रहे, लेकिन पूरे दिन कोई भी राजस्व या पंजीकरण संबंधी कार्य नहीं किया। रजिस्ट्री कार्यालयों का काम पूरी तरह से ठप रहा। तहसीलों में काम के सिलसिले में आए लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। रजिस्ट्री न होने के चलते लोग एफिडेविट पर हस्ताक्षर करवाने, जमीन से जुड़े दस्तावेजों और अन्य राजस्व कार्यों के लिए दिनभर भटकते नजर आए और उन्हें बिना काम लौटना पड़ा। बता दें कि प्रदेश सरकार द्वारा राजस्व अधिकारियों पर की निलंबर जैसी की जा रही कार्रवाई के विरोध में द हरियाणा रेवेन्यू ऑफिसर एसोसिएशन ने पेन डाउन हड़ताल का आह्वान किया था।

### घर में तोड़फोड़ का उद्घोषित आरोपी धरा

**हांसी।** पुलिस द्वारा उद्घोषित अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान पीओ स्टाफ हांसी ने एक उद्घोषित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान ढाणी राजू निवासी अजय के रूप में हुई है। आरोपी को अदालत द्वारा गांव ढाणी राजू में घर में घुसकर घर में रखे सामान में तोड़फोड़ करने के मामले में अदालत में तय तिथि पर पेशी से अनुपस्थित रहने पर उद्घोषित आरोपी घोषित किया गया था।




## हिसार से इंदौर के लिए सुपरफास्ट ट्रेन 12 मार्च से

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

- **11 मार्च को शाम 4:45 बजे इंदौर से चलकर सुबह 9:20 बजे हिसार पहुंचेगी त्रि-साप्ताहिक ट्रेन**
- **अगले दिन दोपहर 1:20 बजे हिसार से हांसी, महम वाया रोहतक के रास्ते पहुंचेगी इंदौर**

उत्तर पश्चिम रेलवे ने ट्रेन संख्या 20957/20958 इंदौर-नई दिल्ली इंदौर सुपरफास्ट एक्सप्रेस त्रि-साप्ताहिक का हिसार तक विस्तार करने के साथ ही इसके संचालन के लिए तारीख की भी घोषणा कर दी है। रेलवे के अनुसार ट्रेन संख्या 20957 इंदौर–नई दिल्ली सुपरफास्ट एक्सप्रेस पहली बार 11 मार्च 2026 से हिसार तक चलेगी। यह ट्रेन बुधवार, शुक्रवार और रविवार को शाम 4:45 बजे इंदौर से रवाना होकर दिल्ली सफदरजंग, शकूरबस्ती, रोहतक, महम और हांसी होते हुए सुबह करीब 9:20 बजे हिसार पहुंचेगी। इसी प्रकार वापसी में ट्रेन संख्या 20958 नई दिल्ली–इंदौर सुपरफास्ट एक्सप्रेस का संचालन 12 मार्च 2026 से हिसार से शुरू होगा। यह ट्रेन सोमवार, गुरुवार और शनिवार को दोपहर 1:20 बजे हिसार से प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 6:45 बजे इंदौर पहुंचेगी। उल्लेखनीय है कि अब यह ट्रेन नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के स्थान पर दिल्ली सफदरजंग रेलवे स्टेशन से होकर संचालित होगी। इस विस्तार से हिसार, हांसी, महम और रोहतक क्षेत्र के यात्रियों को मध्य प्रदेश तक सीधी सुपरफास्ट कनेक्टिविटी की सुविधा मिलेगी।

## राज्य स्तरीय रग्बी चैम्पियनशिप के लिए हांसी जिले की टीम घोषित

**हिसार।** सीनियर इंटर डिस्ट्रिक्ट रग्बी चैम्पियनशिप के लिए हांसी जिले की टीम का चयन घिराय स्थित निर्मल स्पोर्ट्स एकेडमी में हुआ। राज्य स्तरीय यह चैम्पियनशिप 7 फरवरी को कैथल में करवाई जाएगी। चयनित खिलाड़ियों के नामों की घोषणा गुरुवार को हिसार में आयोजन समिति द्वारा की गई। आयोजन सचिव अमरजीत घिराय एवं सौरभ बूरा ने बताया कि लड़कियां की टीम में मीतू (कैप्टन ), कोमल (वाइस कैप्टन), प्रीति, कविता, खुशी, इशिका, नीतू, खुशबू, कुसुम, ज्योति, अंतिम, अंकुश का चयन हुआ है जबकि लड़कों की टीम के लिए निखिल (कैप्टन), नीरज (वाइस कैप्टन), दक्ष, प्रिंस, सन्नी, हरीश, आशीष, अंकित, सुमित, समीर, प्रवीण, दक्षिस का चयन हुआ है।



**मेयर की पहल से नशे के खिलाफ खड़ा हुआ समाज**
**बस्ती को नशा मुक्त करने के लिए ने दिया मेयर को ज्ञापन**

# अम्बेडकर बस्ती में नशे पर प्रहार, युवाओं ने चुना स्वस्थ जीवन, बस्ती के लोग खुद कर रहे निगरानी

- मेयर बोले- नशा छोड़ने के इच्छुक युवाओं को प्रशासन की ओर से हर संभव सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। मेयर को ज्ञापन सौंपते अंबेडकर बस्ती निवासी। फोटो : हरिभूमि

शहर को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से मेयर प्रवीण पोपली द्वारा शुरू किए गए अभियान को सकारात्मक और उत्साहजनक परिणाम मिलने लगे हैं। इस अभियान की शुरुआत मेयर प्रवीण पोपली के नेतृत्व में हाल ही में अम्बेडकर बस्ती से की गई थी। अभियान के तहत मेयर ने बस्ती के लोगों के साथ सीधा संवाद स्थापित किया और युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान यह भरोसा दिलाया गया कि नशा छोड़ने के इच्छुक युवाओं को शासन और प्रशासन की ओर से हर संभव सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी। इस जागरूकता अभियान का प्रभाव यह रहा कि अम्बेडकर बस्ती के कई युवाओं ने नशे से दूरी बना ली है और स्वस्थ जीवन की ओर कदम बढ़ाया है। इसी उपलब्धि के लिए गुरुवार को डॉ. भीमराव अम्बेडकर सेवा समिति, विकास नगर के प्रतिनिधियों ने मेयर प्रवीण पोपली का आभार व्यक्त किया। समिति के सदस्यों ने कहा कि यह अभियान केवल नशे के खिलाफ नहीं, बल्कि समाज को सकारात्मक दिशा देने की एक मजबूत पहल है। नशे से युवाओं को बचाने के लिए अब बस्ती के लोग स्वयं भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। बस्ती के नागरिकों और डॉ. भीमराव अम्बेडकर सेवा समिति के सदस्यों ने नशे के अवैध कारोबार पर रोक लगाने के लिए बस्ती में निगरानी शुरू कर दी है। इसके साथ ही, नशा से संबंधित सूचनाएं पुलिस विभाग के साथ साझा की जा रही हैं, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। इस संबंध में बस्तीवासियों और समिति के सदस्यों ने मेयर प्रवीण पोपली को नशा व्यापारियों को पकड़वाने के संदर्भ में एक पत्र भी सौंपा। मेयर ने उनकी इस पहल की सराहना करते हुए आश्वासन दिया कि अम्बेडकर बस्ती सहित शहरभर से नशा पूर्ण तरह बंद करने का हर संभव कदम उठाया जाएगा। इस दौरान यूनियन प्रधान सुरेन्द्र उर्फ गोलू, अम्बेडकर बस्ती के प्रधान मुकेश, रघुबीर, सत्यवान, प्रदीप, पप्पू, बिलूराम, शेखर, आजाद, दीवान, प्रकाश, बंटी आदि मौजूद रहे।



हिसार। कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज विद्यार्थियों के साथ।

## एचएयू के चार विद्यार्थियों को राज्यपाल ने किया सम्मानित

- कुलपति प्रो. काम्बोज ने विद्यार्थियों को दी बधाई

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के चार विद्यार्थियों को हरियाणा लोक भवन चंडीगढ़ में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्ड देकर सम्मानित किया है। उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में उपरोक्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विनीत गर्ग भी उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने विद्यार्थियों द्वारा अर्जित की गई इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। कुलपति प्रो. काम्बोज ने बताया कि चारों विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तहत की गई उल्लेखनीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया है।

उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों ने नई दिल्ली स्थित आयोजित किए गए गणतंत्र दिवस शिविर एवं कर्तव्य पथ पर आयोजित परेड में भी भाग लिया। बीएससी एग्रीकल्चर के तृतीय वर्ष की छात्रा हिमानी ने वर्ष 2026 में, युक्ति छिल्लर ने वर्ष 2025 में तथा एमएससी प्रथम वर्ष की छात्रा साक्षी ने वर्ष 2024 में गणतंत्र दिवस शिविर में भाग लिया। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. रमेश कुमार गोयल, राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्डी डॉ. भगत सिंह, डॉ. चन्द्रशेखर डागर, डॉ. लोचन शर्मा व डॉ. अनु मौजूद रहे।

### खबर संक्षेप

#### निगम की टीम ने 14 पशु गो-अभ्यारण भेजे

**हिसार।** शहर में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा बेसहारा पशुओं को पकड़ने का अभियान लगातार जारी है। इस अभियान के सहायक नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा की देखरेख में गुरुवार को विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई की। एएसआई संदीप बिश्नोई ने बताया कि निगम की टीम ने पटेल नगर व कैमरी रोड क्षेत्र से कुल 14 बेसहारा पशुओं को पकड़ा। पकड़े गए सभी पशुओं को सुरक्षित रूप से गो-अभ्यारण भेज दिया गया है।

#### स्वच्छता नियम तोड़ने पर किए 7 के चालान

**हिसार।** नगर निगम की टीमों ने खुले में कचरा डालने और स्वच्छता नियमों की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कुल 7 चालान किए। एएसआई राहुल सैनी और एएसआई राहुल पंवार ने निरीक्षण के दौरान कार्रवाई करते हुए खुले में कचरा डालने पर सेक्टर 14 मार्केट में स्पॉ सेंटर का चालान किया। इसके अलावा एएसआई विजेता ने खुले में कचरा फैलाने पर भगत सिंह चौक के दुकानदार का चालान किया वहीं कसांबा मोहल्ले में घर का कचरा गली में डालने पर दो व्यक्तियों का चालान किया गया। इसके अलावा एएसआई सन्नी ने मॉडल टाउन क्षेत्र में खुले में कचरा डालने पर दो व्यक्तियों के चालान किए। इसके साथ एएसआई प्रवीण ने खुले में कचरा डालने पर निरंकारी भवन रोड पर एक दुकानदार का चालान किया।

#### जम्मूश्वर महादेव मंदिर बड़वा में उत्सव 15 को

**हिसार।** हर वर्ष की तरह इस बार भी जम्मूश्वर महादेव शिव मंदिर, गांव बड़वा में 36वां महाशिवरात्रि उत्सव 15 फरवरी को प्रातः 9:15 बजे से सायं 5:15 बजे तक मंदिर प्रांगण में धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर के पुजारी नरेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि मंदिर के संस्थापक ब्रह्मलीन भक्त सूबेदार मोतीलाल शर्मा के आशीर्वाद से प्रातः से ही पूजा-अर्चना शुरु हो जाएगी। प्रातः सवा 9 बजे कीर्तन प्रारंभ होगा जो दोपहर बाद तक जारी रहेगा। दोपहर 12:15 बजे भंडारा चलाया जाएगा। गांव बड़वा, सिवानी व हिसार के अलावा दूर-दराज के क्षेत्रों से भी श्रद्धालु भगवान शिव की अराधना करने मंदिर में आएंगे।

#### समर्थगुरु ने साधकों को दी नाद दीक्षा

**हिसार।** समर्थगुरु धारा संघ के तत्वाधान में सिद्धार्थ ध्यान योग का भव्य आयोजन अत्यंत सफलता और दिव्य वातावरण के साथ सम्पन्न हुआ। इस आध्यात्मिक कार्यक्रम में एक हजार से अधिक साधकों ने भाग लेकर ध्यान, साधना और आत्मिक शांति का अनुभव किया। इस अवसर पर स्वयं समर्थगुरु की पावन उपस्थिति में साधकों को नाद दीक्षा प्रदान की गई। समर्थगुरु द्वारा दी गई नाद दीक्षा से पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया और साधकों ने गहन शांति व आनंद का अनुभव किया। कार्यक्रम के उपरांत प्राप्त साधकों ने बताया कि वे ध्यान के दौरान भाव विभोर हो गए। कई साधकों ने इसे अपने जीवन का अविस्मरणीय अनुभव बताया।

**टीम पर लगाया परेशान करने का आरोप, टीम देती रही स्पष्टीकरण**

# राजगुरु मार्केट में डमी हटाने पर निगम की टीम से उलझा दुकानदार

- आधा घंटा से अधिक समय तक व्यापारियों के विरोध के चलते निगम टीम मौके से हुई रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। अतिक्रमण नहीं करने के लिए समझाते निगम अधिकारी।

शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए प्रयासरत नगर निगम की टीम व राजगुरु मार्केट के कुछ व्यापारियों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि लगभग आधा घंटा से अधिक समय तक व्यापारी नगर निगम की टीम से उलझे रहे। व्यापारियों के विरोध में चलते निगम टीम ने वहां से जाने में ही अपनी भलाई समझी।

बताया जा रहा है कि नगर निगम की टीम गुरुवार को विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण हटा रही थी। टीम जब राजगुरू मार्केट क्षेत्र में पहुंची तो दुकान के बाहर लगी एक डमी हटाने के मसले पर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। निगम टीम का कहना था कि दुकानदार ने बाहर डमी लगा रखी थी, जबकि दुकानदार व उसके कारिंदों का कहना था कि डमी बाहर लगाई हुई नहीं थी, बल्कि उनको अंदर से उठाकर सही जगह लगाया जा रहा था। दोनों पक्ष अपनी-अपनी बात पर अड़े रहे और विवाद होने लगा। विवाद के चलते आसपास के दुकानदार भी एकत्रित हो गए और निगम टीम से बहस करते हुए कहने लगे कि इस तरह दुकान के अंदर पड़ी डमी उठाना गलत है। निगम टीम भी अपनी सफाई देती रही, लेकिन दोनों पक्षों के शोरगुल में किसी की आवाज सुनाई नहीं दी। दुकानदार अपनी बात पर अड़ा रहा और निगम टीम से यहां तक कह दिया कि आप अपने नियम तो दिखाओ कि कितनी दूरी तक डमी या सामान रखा जा सकता है। दोनों पक्षों के बीच हुए हंगामे व शोरगुल के बीच निगम टीम वहां से चली गई, न तो डमी को कोई समाधान निकला, न दुकानदार का कोई सामान जब्त हुआ।

**अभी नहीं दी कोई शिकायत**

बताया जा रहा है कि निगम टीम का विरोध करके हंगामा करने वाले उक्त दुकानदार के खिलाफ निगम टीम ने भी कोई शिकायत अभी तक निगम अधिकारियों या पुलिस को नहीं दी है। इस बारे निगम क्या कार्रवाई करता है, यह निगम टीम पर निर्भर करेगा कि वह शिकायत देती है या नहीं।

**निरंकारी भवन रोड से हटवाया अतिक्रमण**

शहर से अतिक्रमण हटाने की कड़ी में निगम टीम ने गुरुवार को कई निरंकारी भवन रोड सहित कई क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाया। इस दौरान कार्यालय सहायक सुरेन्द्र वर्मा, तहबाजारी इंचार्ज सुरेन्द्र शर्मा अपनी टीम के साथ, पशु पकड़ो अभियान की टीम तथा पुलिस विभाग के कर्मचारी भी मौजूद रहे, ताकि अभियान शांतिपूर्वक और प्रभावी ढंग हो। सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि अभियान की शुरुआत रेलवे स्टेशन से अतिक्रमण हटाकर की गई। इसके बाद लोकल बस स्टेंड के आसपास क्षेत्र से अतिक्रमण हटाया गया। इसके बाद टीम ने राजगुरु मार्केट, ऑटो मार्केट फेस-3 से अतिक्रमण हटवाया। सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि निरंकारी भवन रोड से दुकानदार अपने आप ने शेड हटा रहे हैं। दुकानदार नगर निगम टीम का सहयोग कर रहे हैं। इसके अलावा राजगुरु मार्केट से टीम ने सामान भी जब्त किया।

**युवाओं को नशा न करने की शपथ दिलाई**

**नारनौंद।** राजकीय कॉलेज नारनौंद के विद्यार्थियों का एनएसएस कैंप राखी शाहपुर के सरकारी स्कूल में आयोजित किया जा रहा है। पुलिस टीम ने वहां पर छात्रों को जागरूक किया। कार्यक्रम में नशा मुक्त टीम हांसी के अधिकारियों ने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के नशों शराब, तंबाकू, सिगरेट, गुटखा, नशीली दवाइयां व ड्रग्स के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने युवाओं से नशा न करने की शपथ दिलाई।




हिसार। स्वच्छता संकल्प अभियान को हरी झंडी दिखाकर अभियान की शुरुआत करते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई।

## स्वच्छता केवल अभियान नहीं सतत जीवन मूल्यः वीसी

- गुजवि में स्वच्छता संकल्प अभियान का आयोजन

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई-4 के तत्वावधान में विश्वविद्यालय के पुराना परिसर में एक स्वच्छता संकल्प अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में विश्वविद्यालय की विभिन्न एनएसएस इकाइयों के 140 स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने हरी झंडी दिखाकर स्वच्छता संकल्प अभियान में शामिल स्वयंसेवकों को रवाना किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि एक सतत जीवन मूल्य है। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति यदि स्वच्छता को अपने आचरण का हिस्सा बना ले, तो समाज में सकारात्मक और स्थायी परिवर्तन संभव है। कुलसचिव डॉ. विजय कुमार ने अपने विचाररखे। आयोजन एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ. महावीर प्रसाद के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. सुमित शर्मा एवं डॉ. खुशबू सेठी रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ. सुमित शर्मा ने सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं स्वयंसेवकों का स्वागत करते हुए अभियान की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। अभियान के समापन पर डॉ. खुशबू सेठी ने सभी सहभागियों, स्वयंसेवकों, अतिथियों एवं सहयोगी शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

**कांग्रेस ने डीसी कार्यालय पर किया प्रदर्शन**

## मनरेगा समाप्त होने से बढ़ेगी बेरोजगारीः विधायक



**फतेहाबाद।** वीबी-जीराम जी विधेयक को वापस लेने और मनरेगा को उसके मूल स्वरूप में बहाल करने सहित अनेक स्थानीय मुद्दों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा वीरवार को फतेहाबाद में डीसी कार्यालय के बाहर धरना देकर रोष प्रदर्शन किया। धरने पर पहुंचे सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस अवसर पर टोहाना के विधायक एवं पूर्व मंत्री परमवीर सिंह, फतेहाबाद के विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया, कांग्रेस जिला प्रधान अरविंद शर्मा ने विशेष तौर पर भाग लिया। धरने को संबोधित करते हुए कांग्रेस विधायक परमवीर सिंह व बलवान सिंह दौलतपुरिया ने कहा कि हरियाणा के ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा लाखों परिवारों के लिए जीवनरेखा रही है। इसके समाप्त होने से गरीबी, बेरोजगारी और पलायन में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि मनरेगा एक कानूनी अधिकार था, जिसमें प्रत्येक ग्रामीण परिवार को मांग पर प्रति वर्ष 100 दिन रोजगार की गारंटी दी गई थी लेकिन नए अधिनियम में इसे समाप्त कर दिया गया है।

## शिक्षा-स्वास्थ्य पर घटता खर्च हरियाणा के भविष्य के साथ अन्यायः सैलजा

**सिरसा।** सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि हाल ही में आई रिपोर्ट से यह तथ्य सामने आया है कि हरियाणा में शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मूलभूत क्षेत्रों पर प्रति व्यक्ति खर्च राष्ट्रीय औसत से कम है। यह स्थिति चिंताजनक है, क्योंकि यही दो क्षेत्र किसी भी राज्य के मानवीय विकास, सामाजिक सुरक्षा और भविष्य की नींव होते हैं। सांसद सैलजा ने गुरुवार को मीडियो को जारी प्रेस बयान में कहा कि राज्य सरकार बड़े-बड़े दावे करती रही है कि नए मेडिकल कॉलेज, बेहतर अस्पताल, आधुनिक विद्यालय और महाविद्यालय खोले गए हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर तस्वीर अलग दिखाई देती है। अनेक सरकारी अस्पतालों में पर्याप्त डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ, दवाइयां और जांच सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। इसी प्रकार, कई विद्यालयों और महाविद्यालयों में शिक्षकों और प्राचार्यों के पद लंबे समय से रिक्त पड़े हैं, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

**निजीकरण और लेबर कोड का विरोध**

## हरियाणा रोडवेज का 12 को रहेगा चक्का जाम



फतेहाबाद। हड़ताल की तैयारियों को लेकर चर्चा करते रोडवेज कर्मचारी।

- तैयारियों को लेकर फतेहाबाद डिपो के गेट पर मीटिंग आयोजित

**फतेहाबाद।** हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन ने सरकार की नीतियों के खिलाफ आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। चार लेबर कोड बिल और रोडवेज के निजीकरण के विरोध में 12 फरवरी को रोडवेज कर्मचारियों द्वारा बसों का चक्का जाम किया जाएगा। हड़ताल की तैयारियों को लेकर रोडवेज कर्मचारियों द्वारा फतेहाबाद डिपो के गेट पर मीटिंग आयोजित की गई। मीटिंग में राज्य महासचिव सुमेर सिवाच और वरिष्ठ उप प्रधान शिव कुमार सोराण ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए हड़ताल की तैयारियों का जायजा लिया। बैठक को राज्य सचिव सुबे सिंह धनाना, फतेहाबाद डिपो प्रधान राजकुमार बीघड़, सुरेन्द्र कुमार ने भी संबोधित किया। रोडवेज नेताओं ने कहा कि 12 फरवरी को सभी लिपिक भी हड़ताल पर रहेंगे और चालक-परिचालक भी मैकेनिक व निरीक्षकों के साथ हड़ताल में शामिल होंगे।

## लुवास में मौलिक जीव विज्ञान एवं सेल कल्चर में वर्तमान तरीकों पर प्रशिक्षण शुरू

**हिसार।** लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, में एनिमल बायोटेक्नोलॉजी विभाग की ओर से मौलिक जीव विज्ञान एवं सेल कल्चर में वर्तमान तरीकों पर आधारित 21 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ।



प्रशिक्षण के दौरान हाई-थ्रूपुट एनालिसिस के लिए बायोइन्फॉर्मेटिक्स टूल्स, प्राथमिक सेल कल्चर एवं सेल लाइन कल्चर तकनीक, जीन एक्सप्रेशन एनालिसिस, बायोइनफॉर्मेटिक्स एवं जीनोमिक्स, तथा रिकॉम्बिनेंट प्रोटीन एक्सप्रेशन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. सुशीला मान ने किया।

**कार्यक्रम** गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय वीसी ने 'विद्यार्थियों से सीधे संवाद' शिक्षण खंड-7 स्थित विभागों का किया दौरा

# विश्वविद्यालय के लिए विद्यार्थी प्रथम हितधारकः प्रो. बिश्नोई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने 'विद्यार्थियों से सीधे संवाद' कार्यक्रम के तहत विश्वविद्यालय के शिक्षण खंड-7 स्थित विभागों का दौरा किया। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने विद्यार्थियों से कहा कि वे अपने अध्ययन को पूरा वक्त दें तथा विश्वविद्यालय में नियमित रूप से कक्षाओं में आएं। उन्होंने विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड डाटा साइंस, मैकेनिकल इंजीनियरिंग तथा साइकोलॉजी विभाग में विद्यार्थियों व



हिसार। विद्यार्थियों से सीधा संवाद करते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई।

शिक्षकों से संवाद किया। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कक्षाओं के कमरों में विद्यार्थियों के साथ बैठकर कक्षा संचालन का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के लिए प्रथम हितधारक विद्यार्थी हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन तथा शिक्षकों की जिम्मेदारी बनती है कि हम विद्यार्थियों को राष्ट्र के प्रति समर्पित तथा महान नागरिक बनाने के लिए कार्य करें। इसके लिए विद्यार्थियों का अनुशासित होना आवश्यक है। यह तभी संभव है जब विद्यार्थी नियमित रूप से कक्षा में आकर एकाग्र होकर अध्ययन करें।इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डीन एफईटी प्रो. संदीप आर्य, प्रो. एचसी गर्ग, इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष डा. रमनीश, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड डाटा साइंस विभाग के अध्यक्ष प्रो. धर्मेन्द्र कुमार व विभागों के शिक्षक भी उपस्थित रहे।

## एमएसएमईज, स्टार्ट-अप्स व उद्यमिता पर कर सुधारों की भूमिका पर रखे विचार

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग एवं एनआईआरसी-आईसीएआई हिसार शाखा के संयुक्त तत्वावधान में सीआरएस ऑडिटोरियम, सेमिनार हॉल-1 में 'जीएसटी सुधार व उनके एमएसएमईज, स्टार्ट-अप्स एवं उद्यमीयता पर सामाजिक-आर्थिक प्रभाव' विषय पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संयुक्त आबकारी एवं कराधान आयुक्त कृष्ण कुमार उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि रहे। आईसीएआई के पूर्व अध्यक्ष सीए अतुल गुप्ता व आईसीएआई की एमएसएमई एवं स्टार्ट-अप समिति के विशेष आमंत्रित सदस्य सीए अनुरुद्ध तिवारी सेमिनार के मुख्य वक्ता थे। अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने की। मुख्य अतिथि कृष्ण कुमार ने कर प्रणाली में पारदर्शिता और डिजिटलीकरण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सेमिनार विद्यार्थियों के व्यावसायिक कौशल विकास में सहायक होते हैं। मुख्य वक्ता सीए अतुल गुप्ता तथा सीए अनुरुद्ध तिवारी ने जीएसटी सुधारों के विभिन्न आयामों पर विस्तार से चर्चा की। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि ऐसे राष्ट्रीय स्तर के सेमिनार विद्यार्थियों, शोधार्थियों और उद्योग जगत के बीच एक सेतु का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि कर सुधारों की समझ वर्तमान व्यावसायिक और अकादमिक वातावरण में अत्यंत आवश्यक है, जिससे युवा उद्यमी नीतिगत परिवर्तनों के अनुरूप स्वयं को ढाल सकें। इस मौके पर हरियाणा स्कूल आफ बिजनेस के डीन प्रो. विनोद कुमार बिश्नोई, वाणिज्य विभाग की अध्यक्षा डॉ. निधि तुरान, प्रो. एमएस तुरान आदि उपस्थित रहे।



हिसार। सेमिनार का उद्घाटन करते मुख्यातिथि संयुक्त आबकारी एवं कराधान आयुक्त कृष्ण कुमार व कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई।

